हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, गुरुवार, 10 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 35 .4 डिग्री
न्यूनतम 26 .6 डिग्री

11 ट्रैफिक पुलिस ने हटाई नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियां



12 पानी निकासी की अधूरी तैयारी ने शहर को डूबोया



## खबर संक्षेप

### राजेन्द्र सपड़ा बने भाजपा जिला मीडिया के प्रमुख

**हिसार।** भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र सपड़ा को पार्टी ने फिर से जिला मीडिया प्रमुख की जिम्मेदारी दी है। वे कई वर्षों से ये पद संभाल रहे हैं। राजेन्द्र सपड़ा भाजपा के वरिष्ठ नेता है और पार्टी में विभिन्न पदों पर काम करते रहे हैं। वे कई वर्षों से मीडिया प्रमुख के तौर पर काम कर रहे हैं।



राजेन्द्र सपड़ा, मीडिया प्रमुख

### गुरु पूर्णिमा उत्सव व मेडिटेशन कैंप आज

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 10 जुलाई को मनाए जाने वाले गुरु पूर्णिमा उत्सव व मेडिटेशन कैंप की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस उत्सव व शिविर के प्रति साधक काफी उत्साहित हैं। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में साधक हिस्सा लेंगे। ओशो ध्यान उपवन के संचालक स्वामी संजय ने बताया कि मेडिटेशन कैंप प्रातः 7 बजे शुरू होगा और इसमें विभिन्न सत्र रहेंगे। इसके साथ ही गुरु पूर्णिमा उत्सव भी धूमधाम से मनाया जाएगा।

### हर वर्ग के उत्थान में लगी भाजपा सरकार : ग्रोवर

**आदमपुर।** भाजपा युवा नेता तथा हरियाणा जल संरक्षण समिति के अध्यक्ष राजन ग्रोवर ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार हर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के जनहितैषी कार्यों से प्रदेश का हर वर्ग खुश है। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रदेश सरकार ने डी ग्रुप के युवाओं की भर्ती करके उन्हें पारिवारिक, आर्थिक व सामाजिक रूप से राहत प्रदान की है।

### श्री पंचमुखी चौधरीवास धाम में मेला आज

**हिसार।** निकटवर्ती गांव चौधरीवास में स्थित सिद्धपीठ श्री पंचमुखी बालाजी धाम में 10 जुलाई को गुरू पूर्णिमा के पावन दिवस पर विशाल मेले का आयोजन होगा। धाम से जुड़े सेवादार नगर पार्षद सजंय डालमिया ने बताया कि 10 जुलाई को प्रातः 9 बजे सामूहिक अर्जी का कार्यक्रम रहेगा। दस बजे संगीतमय श्री सुंदरकांड के पाठ होंगे। इसके बाद बाबा की इच्छा तक शुद्ध विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

### आदमपुर में तीन दिवसीय गोकथा 18 से 20 तक

**आदमपुर।** क्षेत्र की लखीराम धर्मशाला में 18 जुलाई से 20 जुलाई तक गोकथा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान अखिल भारतीय गोकथा वाचक चंद्रकांत महाराज सायं 4 बजे से 7 बजे तक कथा करेंगे। इसके अलावा सुबह के समय योगाभ्यास भी करवाया जाएगा ।

## नगर निगम व जनस्वास्थ्य विभाग के अलावा अन्य विभागों में हड़ताल का नहीं दिखा असर

# देशव्यापी हड़ताल का आंशिक असर सुचारू रहीं बस सेवा, नहीं मिला पानी

**कर्मचारी संगठनों ने हड़ताल की सफलता का दावा किया**

**कर्मचारी गेट के सामने धरने पर बैठ गए, जिससे अधिकारी भी निगम कार्यालय में प्रवेश नहीं कर सके**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विभिन्न ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर की गई देशव्यापी हड़ताल का जिले में आंशिक असर रहा। नगर निगम, जनस्वास्थ्य विभाग को छोड़कर अन्य विभागों में हड़ताल को कोई खास असर नहीं देखा गया।

नगर निगम की अधिकतर ब्रांच पर ताले लटके रहे। कर्मचारी गेट के सामने धरने पर बैठ गए, जिससे अधिकारी भी निगम कार्यालय में प्रवेश नहीं कर सके। निगम में काम के सिलसिले में आए लोगों को बैरंग लौटना पड़ा। रोडवेज की बसें लगभग सामान्य रूप से चली और बिजली आपूर्ति भी सुचारू रही। जनस्वाथ्य विभाग की तरफ से पुराने शहर मे सुबह के समय पेयजल की सप्लाई नहीं छोड़ी गई। बिजली निगम के कुछ दफ्तर में हड़ताल का आंशिक असर रहा।

उधर, कर्मचारी संगठनों ने हड़ताल की सफलता का दावा किया है। बता दें कि विभिन्न ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर बुधवार को देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया गया था। कर्मचारी संगठन व अन्य ट्रेड यूनियनें हड़ताल की सफलता की तैयारियों में पिछले कई दिनों से लगी थी। इसके बावजूद परिवहन सहित तमाम सेवाएं सुचारू रही। रोडवेज में सुबह की कुछ बसें बंद अवश्य रही लेकिन धीरे-धीरे कर्मचारियों ने बस सेवा आरंभ कर दी। दोपहर होते-होते लगभग सभी बसें चल पड़ी।






**हिसार।** राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान प्रदर्शन करते विभिन्न विभागों के कर्मचारी व बस अड्डे पर आम दिनों की तरह रही चहल-पहल। फोटो : हरिभूमि

### हिसार-हांसी में 270 बसें

जिले के हिसार डिपो व हांसी सब डिपो में मिलाकर लगभग 270 बसों का बेड़ा है। सुबह की कुछ बसों के समय को छोड़ दिया जाए तो दिन में बस सेवाएं आम दिनों की तरह चलती रही। जिले के हिसार डिपो व हांसी सब डिपो में मिलाकर लगभग 20 प्रतिशत कर्मचारी ही हड़ताल पर रहे। कर्मचारियों ने माना कि पहले से तैयारियां न किए जाने के कारण ऐसा हुआ है। रोडवेज के विभिन्न संगठनों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेने का आह्वान अवश्य किया था लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी ऐलान किया था कि वे किसी बस को जबरदस्ती नहीं रोकेंगे।



**हिसार।** नगर निगम कार्यालय में हड़ताल के चलते पसरा सन्नाटा।

### जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने काम रखा ठप्प

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की पब्लिक हेल्थ ब्रांच के प्रधान दीपक लोट के नेतृत्व में जनस्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों ने बुधवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भागीदारी करते हुए कामकाज ठप्प रखा व सरकार की नीतियों के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का संचालन ब्रांच सचिव राकेश वशिष्ठ ने की। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को सर्व कर्मचारी संघ जिला सह सचिव अशोक सैनी, मैकेनिकल जिला प्रधान नरेश गौतम, पवन शर्मा, रमेश मिर्जापुर, रमेश आहूजा, अभय राम फौजी, दीपक शर्मा, विकास गोस्वामी, सतीश, सुमित, अशोक पूनिया, त्रिलोक सैनी, सोनू लोट आदि ने भी संबोधित किया।

### कर्मचारियों ने शहर में निकाला रोष मार्च

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व फेडरेशनों के आह्वान पर जिला में विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होकर सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ रोष प्रकट किया। सभी विभागों के कर्मचारी , किसान , मजदूर ,आशा वर्कर,मिड डे मील वर्कर आंगन वाड़ी वर्कर क्रांतिमान पार्क में एकत्रित हुए। वहां सभा कर प्रदर्शन किया और सरकार की जनविरोधी नीतियों की पोल खोली। प्रदर्शन की अध्यक्षता संयुक्त रूप से सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक हिसार के प्रधान ओमप्रकाश माल ,सीटु जिला प्रधान कामरेड सुरेश,इंटक जिला प्रधान जोरा सिंह,एटक के राज्य उपाध्यक्ष एम एल सहगल, महासंघ के जिला प्रधान देशराज ने की तथा संचालन ब्लॉक सचिव विनोद प्रभाकर व सीटू की नेता अनिता ने किया।

### कर्मचारी संगठनों की प्रमुख मांगें

कर्मचारियों की प्रमुख मागों में पुरानी पेंशन लागू की जाए और 18 महीने का बकाया डीए डीआर को रिलीज किया जाए, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, कौशल रोजगार निगम भंग करके सभी विभागों में रिक्त पड़े लाखों पदों पर स्थाई भर्ती कर युवाओं को स्थाई रोजगार देने, सरकारी विभागों के निजीकरण पर रोक लगाने, पूंजीपतियों के हक में बनाए गए मजदूर विरोधी 4 लेबर कोड्स को वापस लिया जाए, आठवें पे कमीशन का गठन किया जाए और राज्य कर्मियों के लिए अलग से वेतन आयोग गठित किया जाए, आबादी और वर्क लोड के अनुसार नए पद सृजित किए जाए और सभी रिक्त पदों को स्थाई भर्ती से भर बेरोजगारों को रोजगार दिया जाए, नई शिक्षा नीति को वापस लिया जाए, सभी के लिए निःशुल्क व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था जाए आदि शामिल है।

### मनरेगा सहयोग मंच ने सौंपा ज्ञापन

मनरेगा सहयोग मंच की राष्ट्रीय कमेटी के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल शामिल होकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को लंबित मांगों के समाधान बारे हिसार मंडलायुक्त अशोक गर्ग को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्ष जिला प्रधान बलराज मय्यड़ ने की। प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष राम अवतार सुलचानी ने कहा कि केंद्र व हरियाणा सरकार मनरेगा मजदूरों की मांगों पर गौर नहीं कर रही है पिछले लंबे समय से सरकार मनरेगा मेट, मजदूरों की मांगों को हल करने में नाकाम रही है। इस मौके पर सुरेंद्र मेट नरवाल, प्रताप, राजकुमार, जगत सिंह, अजमेर, भंडारी, बिजेंद्र, रामधारी, रघुवीर सिंह, मुकेश, सतवीर सिंह पूनिया आदि मौजूद रहे।

## वकील के साथ 1.33 करोड़ की धोखाधड़ी केस में दो गिरफ्तार

- अब तक पुलिस 23 आरोपियों को कर चुकी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जिला भर में साइबर अपराधों पर लगाम लगाते हुए थाना साइबर क्राइम हांसी पुलिस ने वकील कालोनी निवासी वरिष्ठ एडवोकेट राजकुमार वत्स के साथ 1 करोड़ 33 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने वाले मुख्य आरोपी का साथ देने वाले 22वें व 23वें आरोपी पश्चिम बंगाल के जिले नोर्थ 24 के गांव बरासत नवोबोली निवासी श्रीबास सरकार व पश्चिम बंगाल के जिला पुर्वा कलकत्ता की कॉलोनी आनन्द पल्ली निवासी पम्पा रॉय को गिरफ्तार किया है।

यह जानकारी देते हुए थाना साइबर क्राइम में तैनात एएसआई रामबिलास ने बताया कि वकील कॉलोनी निवासी वरिष्ठ एडवोकेट राजकुमार वत्स के साथ हुई 1 करोड़ 33 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी मामले में पकड़े गए आरोपियों ने मुख्य आरोपी का साथ दिया था। थाना साइबर क्राइम हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।पुलिस इस मामले 21 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।



**हांसी।** एडवोकेट राजकुमार वत्स के साथ धोखाधड़ी करने वाले आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

## प्रवीण की हत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार

- रुपयों के लेन-देन में बिहार बुलाकर की गई थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस ने कापड़ो निवासी प्रवीण के ब्लाइंड मर्डर मामले में संलिप्त दूसरे आरोपी बिहार के जमुई जिले के गांव बधुवन तालाब निवासी धर्मेन्द्र को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करके 10 दिन के रिमांड पर लिया है।

सब इंस्पेक्टर रविकांत ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में बताया कि प्रवीन ने प्रिया को पांच लाख पचास हजार रुपये दे दिये थे। प्रवीन अपने रुपये वापस लेने के लिए प्रिया को फोन करता था। फिर प्रिया के साथ हमने रुपये देने के बहाने प्रवीन को बिहार मुंगेर जिले के गांव जमालपुर में बुलाकर अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर 2 जनवरी की रात को जेआरएस कालेज के पास सुनसान जगह पर चाकू से गोदकर उसकी हत्या कर दी थी। शव को कॉलेज के पीछे झाड़ियों में फैंक कर मौके से फरार हो गए थे।



**हांसी।** प्रवीण कापड़ो की हत्या में संलिप्त दूसरा आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

### यह है मामला

नारनौंद थाना क्षेत्र के गांव कापड़ो निवासी प्रवीण 31 दिसंबर को बिना किसी को कुछ बताए घर से चला गया था और काफी दिनों तक जब वह घर नहीं लौटा तो उसके पिता जी ने 17 जनवरी को नारनौंद थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। नारनौंद पुलिस ने प्रवीण की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर उसको काफी तलाश किया लेकिन उसका कहीं कोई अता-पता नहीं चला। पुलिस ने बिहार के जमुई से मोबाइल फोन की लोकेशन के आधार सीसीटीवी तथा रेलवे पुलिस के संपर्क से एक आरोपी जमुई जिले के गांव अगराह निवासी सुमित को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने हत्याकी बात कबूल करत ली।

## 16 हजार से अधिक नशीली गोलियों के साथ एक काबू

- नशीले पदार्थों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

**हिसार।** जिले में नशा तस्करों के विरुद्ध लगातार सघन कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में सीआईए स्टाफ ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए जिंदल पार्क के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 16 हजार 800 नशीली टैबलेट्स बरामद की हैं।

सहायक उप निरीक्षक शक्ति सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि जिंदल पार्क के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में नशीला पदार्थ लिए खड़ा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा बिना समय गंवाए बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। मौके पर एक व्यक्ति प्लास्टिक के कट्टे सहित खड़ा मिला, जिसे काबू कर नाम-पता पूछा गया तो उसने अपनी पहचान दादरी की प्रोफेसर कॉलोनी निवासी संदीप के रूप में बताई। पुलिस उप अधीक्षक किशोरी लाल की मौजूदगी में तलाशी लेने पर संदीप के कब्जे से प्लास्टिक के कट्टे में रखी कुल 16 हजार 800 टैबलेट्स बरामद की गईं। बरामद नशीली दवाओं को पुलिस ने कब्जे में लेते हुए आरोपी संदीप के विरुद्ध थाना शहर में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया।



**हिसार।** नशीली टेबलेट्स के साथ पकड़ा गया आरोपी।

## भाजपा जिला कार्यसमिति के पदाधिकारियों की घोषणा

- सात उपाध्यक्ष, छह सचिव और दो महामंत्री सहित अन्य पदाधिकारी नियुक्त किए

**हिसार।** भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने पार्टी जिला कार्यसमिति की घोषणा कर दी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली सहित संगठन के अन्य वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श के बाद यह जिला पदाधिकारियों की घोषणा की गई है।

जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने पत्रकार वार्ता में बताया कि जिला कार्यसमिति में सात उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, छह सचिव, एक कोषाध्यक्ष, एक मीडिया प्रमुख, एक प्रवक्ता, एक मन की बात प्रमुख, एक कार्यालय प्रमुख, एक आईटी प्रमुख व एक सोशल मीडिया प्रमुख बनाया गया है। उन्होंने बताया कि संजीव रेवड़ी, रामफल नैन, सतीश सुरलिया, लक्ष्मी गोयल, अनिल सैनी, मुनीष ऐलावादी व राज हसीना को उपाध्यक्ष बनाया गया है। आशीष जोशी व कृष्ण सरसाना को महामंत्री तथा आदित्य बिसला, कुलदीप डेलू, पिंकी शर्मा, कृष्ण खटाना, भूपसिंह रोहिल्ला व पूनम मेहता को सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अशोक मित्तल को कोषाध्यक्ष, राजेन्द्र सपड़ा को मीडिया प्रमुख, सुरेन्द्र सैनी को कार्यालय प्रमुख, पीयूष मेहता को प्रवक्ता, सुरेश जांगड़ा को आईटी प्रमुख, अमर पातड़ को सोशल मीडिया प्रमुख व संदीप गोयल को मन की बात प्रमुख बनाया गया है।



**हिसार।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़।

**पत्रकार वार्ता** | लुवास के डेयरी प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में नए एडमिशन की प्रक्रिया शुरू

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं डेयरी टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्र : डॉ. पाटिल

**विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए 15 जुलाई से आवेदन किए जा सकेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लुवास के डेयरी प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में नए एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। महाविद्यालय के तहत पांच विभागों डेयरी प्रौद्योगिकी, डेयरी अभियांत्रिकी, डेयरी रसायन, डेयरी सूक्ष्म जीव विज्ञान तथा डेयरी व्यवसाय प्रबंधन में दाखिले के लिए आवेदन किए जा सकते हैं।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पाटिल ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए 15 जुलाई से आवेदन किया जा सकेंगे। बिना विलंब शुल्क के ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक तथा एक हजार रुपये के विलंब शुल्क के साथ 5 अगस्त तक आवेदन किए जा सकते हैं। काउंसलिंग तथा अन्य विवरण विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर उपलब्ध है। हरियाणा में प्रवेश लुवास द्वारा आयोजित जेईई परीक्षा के माध्यम से होता है। कुल 32 सीटें है, जिनमें से 26 हरियाणा के मूल निवासी छात्रों के लिए है।



**हिसार।** पत्रकारों से बातचीत करते डेयरी प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पाटिल, साथ हैं वैज्ञानिक डॉ. नीलेश सिंधु व डॉ. दिनेश मित्तल।

### कृषि में तकनीकी बदलाव

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पाटिल ने बताया कि आज का भारत तेज़ी से बदल रहा है। जहां एक ओर पारंपरिक कृषि प्रणाली में तकनीकी बदलाव हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर डेयरी टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। डेयरी टेक्नोलॉजी न केवल दूध एवं उसके उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ा रही है, बल्कि ग्रामीण युवाओं को शिक्षा, रोजगार और स्वरोजगार के लिए असीम संभावनाएं भी दे रही है। डेयरी टेक्नोलॉजी एक बहुआयामी क्षेत्र है, जो दूध के संग्रहण, प्रसंस्करण, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग, भंडारण और विपणन जैसे कार्यों से जुड़ा हुआ है।

### रोजगार की संभावनाएं

सरकारी क्षेत्र में डेयरी विकास विभाग, पशुपालन मंत्रालय एफएसएसएआई, एनडीडीबी और आईसीएआर जैसी संस्थाएं युवाओं को स्थायी रोजगार देती हैं। वहीं निजी क्षेत्र में अमूल, नेस्ले, ब्रिटानिया जैसी बड़ी कंपनियों में प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजिस्ट, क्वालिटी कंट्रोल ऑफिसर और फूड सेफ्टी विशेषज्ञों की भारी मांग है। डेयरी टेक्नोलॉजी में शिक्षण के क्षेत्र में भी शानदार संभावनाएं हैं। कृषि और पशु विज्ञान विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर बनने से लेकर विदेशों में उच्च शिक्षा और रोजगार के अवसरों तक, इस क्षेत्र ने वैश्विक पहचान बनाई है।

### स्वरोजगार और उद्यमिता के अवसर

डेयरी टेक्नोलॉजी का एक बड़ा पक्ष स्वरोजगार है। युवाओं को दही, पनीर, घी, फ्लेवर्ड मिल्क और आइसक्रीम जैसी इकाइयों की स्थापना के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। साथ ही, वे डेयरी कंसल्टेंसी या ट्रेनिंग सेंटर के रूप में भी अपने स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं।

### उच्च शिक्षा और अनुसंधान में करियर

जो छात्र अनुसंधान में रुचि रखते हैं, उनके लिए एम.टेक., एम.एससीऔर पीएच.डी. जैसे कार्यक्रमों के जरिए शोध संस्थानों में जेआरएफ, एसआरएफ के रूप में कार्य करने का अवसर उपलब्ध है। आईसीएआर, सीएसआईआर और डीबीटी जैसी संस्थाएं इस क्षेत्र में शोध को प्रोत्साहित कर रही हैं।



# मानसून में स्किन प्रॉब्लम्स बचाव के लिए बरतें सावधानी

मानसून में नमी की अधिकता की वजह से स्किन इंफेक्शंस की संभावना बहुत बढ़ जाती है। ये कौन सी समस्याएं हैं, इनके कारण, लक्षण क्या हैं और इससे बचाव के लिए आपको किन उपायों पर अमल करना होगा, बता रहे हैं आपको।

**सीजनल डिजीज**

**चेतना झा**



तपती गर्मी के बाद बारिश की फुहारें राहत तो देती हैं, लेकिन बारिश का मौसम हमारी त्वचा और बालों के लिए कई समस्याएं भी उत्पन्न कर सकता है। इस मौसम की नमी स्किन इंफेक्शन और दूसरी तमाम समस्याओं की वजह बनती है। इनसे बचाव के लिए प्रयास करने जरूरी हैं।

**अधिक पसीना:** वातावरण में नमी की अधिकता के कारण मानसून के मौसम में पसीने की समस्या होती है और यह स्किन इंफेक्शन का एक बड़ा कारण होता है। इससे त्वचा में खुजली की समस्या होती है और फिर इससे कई समस्याएं परेशान करती हैं।

**मुंहासे:** मुंहासे और त्वचा पर चकत्ते होना, अन्य समस्याएं हैं, जिनका सामना ज्यादातर लोग मानसून के मौसम में करते हैं। खासतौर पर उन लोगों को जिनकी त्वचा पहले ही अधिक ऑयली होती है, नमी बढ़ने से त्वचा अधिक सीबम का उत्पादन करने लगती है। इससे ऑयल अधिक बनने लगता है और यह बैक्टीरिया का बसेरा सा बन जाता है। चिपचिपी त्वचा पर धूल, गंदगी और पसीना लंबे समय तक चिपके रहते हैं, जिसकी वजह से स्किन पोर्स बंद हो जाते हैं। ऐसे में एक्ने और पिंपल्स निकलने लगते हैं।

**एग्जिमा:** एग्जिमा आसानी से ठीक नहीं होने वाला त्वचा रोग है। यह त्वचा संबंधी उन समस्याओं में से एक है, जो केवल मानसून के मौसम में होती है। एग्जिमा विभिन्न जटिलताओं जैसे चकत्ते, खुजली, लालिमा और त्वचा में इसी तरह की समस्याओं का कारण बनता है। यह समस्या उन लोगों में आम है, जिनकी त्वचा संवेदनशील होती है।



**टिनिआ:** यह भी मानसून में हमारी त्वचा को परेशान करने वाला एक फंगल संक्रमण है। इससे अत्यधिक खुजली होती है और असहज महसूस होता है। यह आपके सिर की त्वचा को भी संक्रमित कर सकता है। उसमें भी खुजली होती है।

**स्केबीज:** स्केबीज एक अन्य त्वचा रोग है, जो मुख्य रूप से घुन के प्रवेश के कारण होता है। इसको कुछ इस तरह समझिए कि इसमें परजीवी जीवाणु अंडे देते हैं और आपकी त्वचा में घोंसला भी बनाते हैं, जिससे संक्रमण बढ़ता है। इससे त्वचा में खुजली होती है और लालिमा भी नजर आती है। इससे रोगी को काफी तकलीफ महसूस होती है।

**फोलिक्युलाइटिस या लोम:** यह बाल कूप, बाल रोम या हेयर फॉलिकल का एक और जीवाणु संक्रमण है, जो मानसून के दौरान होता है। बता दें कि बालों के रोम दरअसल, हमारी त्वचा की रक्षा के लिए होते हैं। इससे हमारी त्वचा ढंकी रहती है। बैक्टीरिया और पसीने के बीच का स्पर्श त्वचा संबंधी समस्याओं का कारण बनता है और फॉलिक्युलाइटिस का कारण भी बनता है। फॉलिक्युलाइटिस की वजह से पीड़ित की त्वचा पर बालों के रोम में सूजन हो जाती है। त्वचा की यह समस्या आमतौर पर जांघों, बगलों, नितंबों और गर्दन के आस-पास देखी जाती है। हल्के मामलों के लिए, स्थिति कुछ दिनों में ठीक हो सकती है, लेकिन गंभीर स्थितियों के लिए आपको चिकित्सकीय ट्रीटमेंट लेने की आवश्यकता हो सकती है।

**दाद:** दाद या रिंग वॉर्म त्वचा पर एक छल्ले के आकार में दिखाई देता है। जब आप इसे खुजलाते हैं, तो कई बार आपकी त्वचा पर मिनटों में दाने निकल आते हैं और उनसे पानी भी निकल सकता है। इसे एक संक्रामक फंगल संक्रमण भी माना जाता है, जो रोगी के दूसरों अंगों तक और दूसरे व्यक्ति को भी फैल सकता है।

**ऐसे करें बचाव:** इन बरसाती रोगों से बचाव के लिए इस मौसम में त्वचा को भीतर-बाहर से हाइड्रेट करने की उतनी ही जरुरत है, जितनी किसी और मौसम में होती है। इसलिए भरपूर पानी पिएं। साथ ही नॉन स्टिकी लाइटवेट मॉयश्चराइजर लगाएं। दो-तीन लीटर पानी प्रतिदिन सेवन करने से कोलेजन बनता है, जिससे ये रोग होने की आशंका कम हो जाती है। त्वचा की नियमित सफाई करें। इससे बैक्टीरिया और सीबम दोनों में कमी आती है। इस मौसम में फेस स्टीम यानी चेहरे पर भाप लेना भी लाभदायक है। इससे रोमछिद्र खुलते हैं और मृत त्वचा हटती है। भाप लेने से त्वचा पर रक्त प्रवाह बढ़ता है, जो त्वचा में ग्लो लाता है। समस्या होने पर बजाय इंटरनेट पर समाधान ढूंढ़ने के नजदीकी डर्मेटोलॉजिस्ट से संपर्क करें, वे आपकी त्वचा के प्रकार और शारीरिक अवस्था के अनुरूप समस्या का समाधान बताएंगे।

मानसून में खास ध्यान रखें कि चेहरे को टच करने से पहले हाथ धुला हो। चेहरे पर कोई क्रीम, मॉयश्चराइजर आदि लगाने से पहले भी हाथ धुले हों। इससे बैक्टीरिया के फैलाव से बचाव होता है। ऑयली फूड्स जैसे फ्रेंच फ्राइज, चिप्स, समोसे आदि खाने से बचें। इससे एक्ने-मुंहासे की समस्या बढ़ सकती है। *

**(डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. सरोज राय से बातचीत पर आधारित)**


---

**मेंटल हेल्थ**

**शिखर चंद जैन**

इन दिनों देश ही नहीं पूरी दुनिया में बेशुमार लोग मेंटल प्रॉब्लम्स से ग्रस्त हो रहे हैं। इसकी अनेक वजहें हो सकती हैं। लेकिन अगर आप अपनी डेली रूटीन लाइफ में कुछ एक्टिविटीज को शामिल कर लें तो बहुत हद तक इन मेंटल प्रॉब्लम्स से बच सकते हैं। ऐसी ही चार एक्टिविटीज और उनसे होने वाले फायदों के बारे में हम आपको बता रहे हैं।

# अच्छे स्वास्थ्य के चार मीत रंग-कविता-कला-संगीत



आने वाले समय में कला का प्रयोग मानसिक सेहत को संवारने में व्यापक तौर पर किया जाएगा। अमेरिका की फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी के आर्ट्स इन मेडिसिन सेंटर में रिसर्च डायरेक्टर जिल सोनके कहते हैं, 'हमें बचपन की क्रिएटिव राइटिंग, ड्राइंग, सिंगिंग और डांसिंग से आगे चलकर भी जुड़े रहना चाहिए। आप बड़े होकर इनसे दूर हो रहे हैं तो यह गलत है। आपको म्यूजियम (कला के लिए), आर्ट गैलरीज, एग्जिबिशंस, कंसर्ट (म्यूजिक के लिए) आदि भी समय-समय पर जरूर अटेंड करने चाहिए।'

इस स्टडी के आधार पर मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट्स मानसिक सेहत को खुशमिजाजी और सुकून की खुराक देने के लिए कुछ एक्टिविटीज को अपनी डेली लाइफ में शामिल करने की सलाह देते हैं।

## म्यूजिक सुनें

कई ऐसे अनुसंधान हो चुके हैं, जिनमें पता चला है कि गाना गाने, गाना सुनने और वाद्य यंत्र बजाने से कई तरह के फायदे हैं। गाने से स्ट्रेस हार्मोन कार्टीसोल का लेवल कम होता है। नवजात शिशुओं की मां गुनगुनाती है तो उनमें एंजायटी कम होती है। न्यूरोलॉजिस्ट सूजन मैग्सैमैन कहती हैं कि म्यूजिक से स्ट्रेस कम होने की वजह यह है कि रिद्म, लिरिक्स और कॉर्ड्स रिपीट करते समय हमारे दिमाग के कई हिस्से एक साथ एक्टिव हो जाते हैं।

यूरोप के एक विश्वविद्यालय में हुए शोध से पता चला है कि म्यूजिक थेरेपी डिमेंशिया या याददाश्त की समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इसके अलावा यह दर्द कम करने और अवसाद से मुक्ति दिलाने में भी सहायक है। यह कई अनुसंधानों के नतीजे में बताया जा चुका है। यही वजह है कि संगीत का उपयोग उपचार के लिए भी कई जगह किया जा रहा है। वैज्ञानिकों की माने तो म्यूजिक थेरेपी कैंसर के इलाज से लेकर पोस्ट स्ट्रोक ब्रेन के इंप्रूवमेंट में भी काफी मददगार साबित हो रही है। यूरोप के संगीत एंगिला रस्किन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि म्यूजिक थेरेपी से मस्तिष्क के कई क्षेत्रों में सकारात्मक असर पड़ता है। संगीत, मस्तिष्क और उसके कनेक्शन को पुनर्जीवित करने में मदद कर सकता है।



## थ्री ड्रॉइंग टेक्निक की प्रैक्टिस

अमेरिका में स्थित सेंटर ऑफ माइंड बॉडी मेडिसिन के संस्थापक-मनोचिकित्सक डॉक्टर जेम्स गार्डन ने थ्री ड्रॉइंग तकनीक बनाई है। इसके लिए आपको ड्रॉइंग एक्सपर्ट होने की जरूरत नहीं है। बस कोशिश करनी है। सबसे पहले आप खुद की कोई ड्रॉइंग बनाएं। फिर अगली ड्रॉइंग में खुद को अपनी सबसे बड़ी समस्या के साथ दिखाना होगा। और तीसरी ड्रॉइंग में आपको समस्या हल होने के बाद खुद को दर्शाना होगा। यह एक्सरसाइज सेल्फ डिस्कवरी को प्रोत्साहन देने के लिए है। इससे आपको अपनी समस्या का पता चलता है और संभावित हल पर विचार करने का अवसर मिलता है। साथ ही स्वयं में अंतर महसूस होता है। जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी स्कूल आफ मेडिसिन में न्यूरोलॉजी की असिस्टेंट प्रोफेसर सूजैन मैग्सेमैन कहती हैं कि आप इस तकनीक से खुद ही अपने हीलर बन सकते हैं। इसके लिए आपको किसी थैरेपिस्ट की जरूरत भी नहीं है।

## कलरिंग कीजिए



एंजायटी से उबरने के लिए अपने बचपन की कलरिंग एक्टिविटीज को फिर से सक्रिय कीजिए। किसी किताब, अखबार या पत्रिका में बने रेखाचित्रों में या खुद के बनाए रेखाचित्रों में रंग भरें। वैज्ञानिकों ने शोध में पाया है कि रोजाना 20 मिनट ज्योमैट्रिकल डिजाइन में रंग भरना एंजायटी को कम करने के लिए बहुत प्रभावी तकनीक है। क्लीवलैंड क्लिनिक में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट और पुस्तक '50 वेज टू सूद योरसेल्फ विदाउट फूड' की लेखिका सूजेन अल्बर्ट्स कहती हैं, कलरिंग करना मिनी मेंटल वेकेशन जैसा है। जब हम किसी कागज पर बनी आकृतियों और रेखाचित्रों में अपने पसंदीदा रंग भरते हैं तो हमें आत्मसंतुष्टि मिलती है और साथ ही तमाम समस्याओं और चिताओं से हमारा ध्यान बंटता है और मन को शांति मिलती है। यह एक प्रकार का मेडिटेशन ही है। इससे स्ट्रेस लेवल कम होता है और हमारी मेंटल हेल्थ इंप्रूव होती है।

## कविता लिखें

साइकोलॉजिस्ट डॉक्टर फ्रैंक क्लार्क अकसर कविताएं लिखते हैं। वह कोई कवि नहीं है लेकिन अपने दिल की भावनाओं को कागज पर कलम से उकेरना उन्हें सुकून देता है। वह इस प्रयोग के माध्यम से डिप्रेशन से उबर चुके हैं। वह कहते हैं, 'आप हाईकू से शुरू कर सकते हैं। इसमें अपने दोस्तों को भी शामिल कीजिए। नए-नए प्रयोग कीजिए, प्रतियोगिताएं कीजिए। यह आपके मनोरंजन का एक बेहतरीन तरीका बन सकता है।'

जर्नल आफ मेडिसिन ह्यूमैनिटीज में प्रकाशित एक शोध की रिपोर्ट बताती है कि कविताओं में हीलिंग पावर होती है। दोस्तों के साथ इन्हें शेयर करने के बहुआयामी लाभ हो सकते हैं। *

---

**डॉक्टर्स सजेशन**



**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# बरसात में जब करे अपच-एसिडिटी परेशान

**मेरी उम्र 34 वर्ष है। बरसात के मौसम में अकसर अपच और एसिडिटी होने लगती है। कृपया कुछ ऐसा बताएं, जिससे मुझे यह प्रॉब्लम न हो।**

**-आदित्य, हिसार**

बरसात के मौसम में सबसे ज्यादा समस्या वाटर बॉर्न डिजीजेज की होती है। कई बार सप्लाई में या अन्य जगह दूषित पानी आता है और लोग इसे पीते हैं, जिससे इस तरह की प्रॉब्लम शुरू हो जाती हैं। आपकी समस्या सुनकर ऐसा ही लग रहा है कि आपका डाइजेशन सिस्टम गड़बड़ हो जाता है। इससे बचने के लिए आप बाहर का पानी न पिएं। अपना पानी घर से लेकर निकलें। इसके साथ ही बाहर के कटे हुए फल और अन्य खुले में बिकने वाले फूड्स या फ्रूट्स का सेवन बिल्कुल ही बंद कर दें। इन बातों पर अमल करने से आपको समस्या से राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। एक साल पहले मैंने अपने घुटने का ऑपरेशन करवाया था। पिछले एक-डेढ़ महीने से मुझे फिर से चलने-फिरने के दौरान घुटनों में दर्द हो रहा है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-प्रमोद, भोपाल**

सामान्यतः इसके दो कारण हो सकते हैं। कई बार मौसम बदलते समय ऐसी दिक्कत शुरू होती है तो कभी-कभार चोट लगने से भी ऐसी तकलीफ होने लगती है। लेकिन बेहतर होगा कि आप उन्हीं डॉक्टर से संपर्क करें, जिन्होंने सर्जरी की है। वह जांच कर इसकी वजह बताएंगे और ट्रीटमेंट करेंगे। बगैर जांच करे कोई भी ट्रीटमेंट न लें।



**मेरी उम्र 52 वर्ष है। पिछले पंद्रह दिनों से मेरे सिर में हल्का दर्द बना रहता है। कभी-कभी यह दर्द बहुत तेज हो जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-अखिल, धमतरी**

इस तरह के दर्द की वजह कोई चोट हो सकती है या आंखों का कमजोर होना भी वजह बन जाती है। लेकिन अगर आपको चोट नहीं लगी और आंखें ठीक हैं तो आपको जरूर एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। बगैर जांच किए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मुझे बहुत वीकनेस लगती है इसलिए मैं कुछ वीक्स से मल्टीविटामिन कैपस्यूल लेता हूं। कृपया बताएं कि यह कितना सेफ है? इसके कोई साइड इफेक्ट्स तो नहीं होंगे?**

**-सुदेश, बिलासपुर**

मल्टीविटामिन कैप्सूल खाना तो ठीक है लेकिन आपको वीकनेस आने का कारण पता लगाना चाहिए कि इसकी वजह क्या है? क्या शरीर में खून की कमी है? बेहतर होगा कि डॉक्टर से संपर्क कर अच्छी तरह जांच कराएं। अगर सब कुछ ठीक है तो विटामिन कैप्सूल के साथ आप नेचुरल प्रोटीन और विटामिन वाले फूड्स अधिक लें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरे बाल बहुत झड़ते हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे छुटकारा पाया जाए?**

**-दीपक, कोंडागांव**

बारिश के मौसम में त्वचा और बालों की समस्या के लिए गंदे पानी का इस्तेमाल एक बड़ा कारण हो सकता है। दूषित पानी से जहां त्वचा रोग होता है, वहीं बाल झड़ने की समस्या भी शुरू होती है। इसलिए आप कोशिश करें कि साफ पानी से ही नहाएं। साबुन और शैंपू का इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह के बाद ही करें। इससे आपको समस्या से राहत मिलेगी। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**


---

# क्या युवाओं में कैंसर के लिए रसायन हैं ज़िम्मेदार

**नई दिल्ली।** पहले कैंसर को आमतौर पर बुजुर्गों की बीमारी माना जाता था लेकिन अब 50 साल से कम उम्र के लोगों में कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं, जो चिंताजनक है। इस हफ़्ते के 'एबीसी 4 कॉर्नर्स' से पता चलता है कि प्लास्टिक समेत कई रसायनों की कैंसर के बढ़ते मामलों में भूमिका हो सकती है। तो कैंसर बढ़ने के कारण क्या हैं? और हम इस संबंध में क्या कर सकते हैं?

**कैंसर बुजुर्गों को क्यों अपनी चपेट में ले रहा है?**

आपके शरीर की प्रत्येक कोशिका में आपके डीएनए की एक प्रति होती है - जो उस कोशिका को ठीक से कार्य करने का निर्देश देती है। हालांकि, डीएनए में ऐसे तरीकों से म्युटेशन हो सकता है जिससे वह कोशिका अपना वह कार्य करना बंद कर देती है जो उसे करना होता है। कुछ म्युटेशन कोशिका को अनियंत्रित रूप से बढ़ने में सक्षम बनाते हैं। कुछ म्युटेशन इसे मरने से बचाते हैं। और कुछ इसे शरीर के अन्य भागों में फैलने में मदद करते हैं जहां यह नहीं होना चाहिए। डीएनए में अधिक मात्रा में म्युटेशन कैंसर को जन्म दे सकता है। जब भी शरीर में नई कोशिका बनती है, तो डीएनए की एक नई प्रति भी बनती है। कभी-कभी संयोगवश गलतियां हो जाती हैं, जिससे म्युटेशन हो सकता है। इसे आप ऐसे समझें जैसे एक फोटोकॉपी की फोटोकॉपी बनाना। इस प्रक्रिया में हर प्रति दूसरे से थोड़ी भिन्न होती है। ज्यादातर डीएनए म्युटेशन हानिरहित होते हैं। लेकिन शरीर में हर दिन अरबों कोशिकाएं बनती हैं। इसलिए जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, शरीर में डीएनए की प्रतियों की संख्या बढ़ती जाती है, जिससे गलतियां होने की संभावना भी बढ़ जाती है। साथ ही, उम्र बढ़ने पर शरीर इन खराब कोशिकाओं को पहचान कर हटाने में भी कमजोर हो जाता है।



## युवाओं में कैंसर की बढ़ती दर चिंता का विषय

युवाओं में कैंसर की बढ़ती दर चिंता का विषय है और इसके बढ़ने में कुछ पर्यावरणीय कारक भूमिका निभा रहे हैं जिनके बारे में हमें अभी जानकारी नहीं है। पर्यावरणीय कारक वे होते हैं जो शरीर के बाहर होते हैं – जैसे रसायन, वायरस, बैक्टीरिया, शारीरिक गतिविधि और हमारा आहार। इनमें से कई पर्यावरणीय कारक डीएनए प्रतिलिपिकरण त्रुटियों की संभावना को बढ़ा सकते हैं, या यहां तक कि हमारे डीएनए को सीधे नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिससे कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। इसका एक जाना-माना उदाहरण सूर्य से आने वाली पराबैंगनी (यूवी) किरणें है, जिससे त्वचा कैंसर हो सकता है।

## धूम्रपान से हो रहा फेफड़ों का कैंसर

दूसरा उदाहरण धूम्रपान है, जिससे फेफड़ों का कैंसर हो सकता है। सौभाग्य से, सूर्य के संपर्क में आने के खतरों के बारे में जागरुकता अभियानों और सिगरेट पीने वालों की घटती संख्या के कारण पिछले 30 वर्षों में 50 वर्ष से कम आयु के ऑस्ट्रेलियाई लोगों में त्वचा और फेफड़ों के कैंसर के मामलों में कमी आई है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में युवाओं में अन्य प्रकार के कैंसर जैसे यकृत, अग्न्याशय, प्रोस्टेट, स्तन और गुर्दे आदि के कैंसर बढ़ रहे हैं। यह प्रवृत्ति वैश्विक है, खासकर अमीर पश्चिमी देशों में। रसायनों की क्या भूमिका है?

## आज हम अधिक रसायनों के संपर्क में

शोधकर्ता इस वृद्धि के कारणों को समझने के लिए काम कर रहे हैं। वर्तमान में, रसायन एक विशेष रूप से महत्वपूर्ण पर्यावरणीय कारक के रूप में चर्चा में हैं। आधुनिक समय में हम अपने पूर्वजों की तुलना में अधिक रसायनों के संपर्क में हैं - जैसे वायु प्रदूषण, खाद्य योजक, प्लास्टिक और कई अन्य चीजें। शराब और सिगरेट के धुएं को छोड़ दें तो ज़्यादातर रसायन जो कैंसर से निश्चित रूप से जुड़े हैं वे ऐसे नहीं हैं जिनका लोगों को नियमित रूप से सामना करना पड़ता है। वे सिर्फ़ उद्योग जैसे स्थानों तक ही सीमित हैं। चिंता का एक मुख्य रसायन प्लास्टिक है, जो सर्वव्यापी है और लगभग हर कोई हर दिन इनसे सामना करता है। विशेषज्ञ इस बात पर सहमत हैं कि प्लास्टिक मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए समग्र रूप से बहुत बड़ा खतरा है।

---

# बारिश के मौसम में आपको संक्रमणों से बचाएगी कच्ची हल्दी

**हर्बल जोन/ रेखा देशराज**



कच्ची हल्दी या फ्रेश टर्मरिक रूट एक अत्यंत प्रभावी और पारंपरिक प्राकृतिक औषधि है, विशेषकर बरसात के मौसम में जब संक्रमण, अपच और त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में कच्ची हल्दी का औषधि के रूप में इस्तेमाल बहुत प्रभावी है।

**मौसमी बीमारियों से बचाए:** कच्ची हल्दी में मौजूद करक्यूमिन शक्तिशाली एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल और एंटीफंगल तत्व होता है। यह करक्यूमिन मौसम बदलने के समय होने वाली जुकाम, खांसी, गले की खराश और बुखार आदि से रक्षा करता है। बरसात के मौसम में लोगों का अकसर पाचन तंत्र कमजोर हो जाता है। इन दिनों कच्ची हल्दी का इस्तेमाल पाचन संबंधी सक्रियता बढ़ाती है। कच्ची हल्दी के इस्तेमाल से गैस, अपच और पेट फूलने जैसी समस्याएं नहीं होती हैं।

**इम्यूनिटी को मजबूत करे:** कच्ची हल्दी एक नेचुरल इम्यूनिटी बूस्टर है। मानसून में जब रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाती है, तब यह कच्ची हल्दी इसे पुनः सक्रिय करने में मददगार साबित होती है। यह त्वचा के संक्रमण और फंगल रोगों से भी बचाव करती है। कच्ची हल्दी गठिया और जोड़ों के दर्द में राहत देती है।

**ऐसे करें इस्तेमाल:** मानसून के दिनों में कच्ची हल्दी को दूध में आसानी से लिया जा सकता है। इसके लिए एक से दो इंच कद्दूकस की हुई कच्ची हल्दी को एक कप गर्म दूध में डालें और रात में पीएं। इसे शहद में भी लिया जा सकता है। एक चम्मच कद्दूकस की हुई कच्ची हल्दी में एक चम्मच शुद्ध शहद मिलाकर सुबह खाली पेट लें। एक अन्य तरीका है कि कच्ची हल्दी वाली चाय या काढ़ा पिया जाए। अगर फंगल संक्रमण है तो इसका पेस्ट बनाकर उस जगह पर लगाएं, तुरंत राहत मिलेगी।

**बरतें सावधानियां:** एक बार में कभी भी तीन या चार इंच से ज्यादा कच्ची हल्दी का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इससे गैस या जलन हो सकती है। जिन लोगों को पित्त की समस्या हो, उन लोगों को कच्ची हल्दी का इस्तेमाल करते हुए संयम बरतना चाहिए। यदि आप ब्लड थिनर या शुगर की दवाएं ले रहे हैं, तो इसका सेवन डॉक्टर की सलाह के बाद ही करें *

**खबर संक्षेप**

### मानसिक परेशानी के चलते युवक ने जान दी

**हिसार।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में गोरछी रोड पर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मूलरूप से उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर निवासी शिव प्रसाद अपने परिजनों के साथ सातरोड में रहता था। बताया जा रहा है कि उसका पिता अपने गांव गया हुआ था। किसी परेशानी के चलते लगभग 18 वर्षीय शिव प्रसाद ने गोरछी रोड स्थित एक ईंट भट्ठा के पास फांसी लगा ली।

### श्रीमद्भगवद्गीता श्लोक उच्चारण स्पर्धा आज

**हांसी।** ब्रह्मलीन परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी गणेशानंद गिरि जी महाराज की स्मृति में श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संचालित श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय, हांसी द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आचार्य स्वामी गणेशानंद जी महाराज सभागार में श्रीमद्भगवद्गीता श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्या रेनू बंसल ने बताया कि प्रतियोगिता में महिला महाविद्यालय व एसडी कन्या व एसडी मॉर्डन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी भाग लेंगे। इस अवसर पर संस्था संरक्षक सज्जन अग्रवाल, अध्यक्ष प्रीतम कुमार गोयल, प्रबंधक रजत अग्रवाल, सचिव नकुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत आदि उपस्थित रहेंगे।

## हांसी में कर्मचारी यूनियनों की हड़ताल का मिला-जुला रहा असर

# कर्मचारियों-मजदूरों ने शहर में प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की

### प्रदर्शनकारियों ने मांगें नहीं मानने पर आंदोलन को तेज करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

केंद्र सरकार की किसान- मजदूर- कर्म नीतियों के खिलाफ केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर बुधवार को की गई राष्ट्र व्यापी हड़ताल का हांसी में मिला जुला असर देखने को मिला।

हड़ताल के दौरान बिजली व पेयजल सप्लाई सहित हरियाणा रोडवेज की बसें अपने निर्धारित रुटों पर चली वहीं विभिन्न विभागों और संगठनों से जुड़े हजारों कर्मचारियों और मजदूरों ने शहर में प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हड़ताल का आह्वान देश की 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र फेडरेशनों द्वारा किया गया था, जिसमें बिजली निगम, रोडवेज, पब्लिक हेल्थ, नगर पालिका कर्मचारी, भवन निर्माण, मनरेगा मजदूर, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, चौकीदार, आंगनबाड़ी, आशा और मिड डे मील वर्कर सहित असंगठित क्षेत्र के मजदूर संगठनों ने भागीदारी की। संगठन नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और यदि जरूरत पड़ी तो अनिश्चितकालीन हड़ताल का रास्ता भी अपनाया जाएगा।



**हांसी।** केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विभिन्न विभागों और संगठनों के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### उकलाना में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**उकलाना।** विभिन्न ट्रेड यूनियन द्वारा आयोजित राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आयोजन किया गया। इसमें आज उकलाना खंड के कर्मचारी नगर पालिका के कर्मचारी, जन स्वास्थ्य विभाग, बिजली निगम आदि कर्मचारियों ने एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और धरना दिया। इसकी अध्यक्षता मोहम्मद इशाक ने की और संचालन सह सचिव सूरत सिंह ने किया। जिला उपप्रधान प्रीतम सिंह मौजूद रहे व मैकेनिक से अनिल कुमार कृष्ण कुमार उपस्थित रहे। बिजली निगम से राकेश मंडा मनोज कुमार नगर पालिका से राम अवतार राजेश वअन्य मौजूद रहे।


**आदमपुर।** रोजमर्रा की तरह बसस्टैंड से रवाना होती रोडवेज बसें।

### बंद का आदमपुर में नहीं दिखा असर

**आदमपुर।** कर्मचारी संगठनों द्वारा बुधवार को राष्ट्रव्यापी बंद का आह्वान किया गया था, लेकिन आदमपुर में इसका कोई असर नहीं दिखाई दिया। रोजमर्रा की तरह बैंक, डाकघर, तहसील कार्यालय, मार्केट कमेटी, बीडीपीओ कार्यालय, स्कूल, कॉलेज समेत अन्य विभाग खुले रहे तथा कार्यालय में लगभग सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा रोडवेज और रेल सेवाओं पर भी कोई असर नहीं देखा गया। बिजली-पानी की सप्लाई भी सुचारू रही।



**बरवाला।** विभिन्न संगठन हड़ताल के दौरान जुलुस निकालते हुए।

## बरवाला में राष्ट्रव्यापी हड़ताल के चलते निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

राष्ट्रव्यापी हड़ताल के चलते बुधवार को विभिन्न संगठनों ने शहर में जुलूस निकाला। जुलूस की अध्यक्षता सीटू से राजू बरवाला, इंटक से केसर गहलोत तथा अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के मियां सिंह बिठमड़ा ने संयुक्त रूप से की। मजदूर, किसान और कर्मचारी अपने तय स्थान पर एकत्रित हुए और शहर में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला गया।

हड़ताल में शामिल नेताओं ने हड़ताल के सफल होने का दावा किया। उकलाना और बरवाला क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर, मिड डे मील वर्कर, खेत मजदूर, निर्माण के मजदूर, सफाई कर्मचारी, विकलांग मंच, किसान और आम जन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय किसान सभा के जिला उपप्रधान सरबत सिंह पूनिया, भवन निर्माण के नेता रामफल बरवाला, रोहतास राजली, ऋषिकेश राजली, दयानंद डुकिया, सुंदर बाडोपट्टी, रोशनी उकलाना, राजकली जुगलान आदि मौजूद रहे।

### थर्मल गेट पर प्रदर्शन

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन मुख्यालय हिसार द्वारा केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर हड़ताल का आयोजन कर थर्मल गेट पर रोष स्वरूप विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट प्रधान शमशेर सिंह ने और संचालन यूनिट सेक्रेटरी प्रमोद जांगड़ा ने किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान सुभाष कतीरा, सर्कल

सचिव देवेंद्र भारद्वाज, सन्दीप सहारण, कुलवीर सिंह, सुख़देव शर्मा, दिलबाग भट्टटू, कुलदीप, अनिल फोगाट, विकाश यादव, मनोज दहिया, रणवीर राठी, रविन्दर,रमेश, संजीत मान, हरिकेश, करण सिंह मधु बाला, सतीश, सुदेश उपस्थित रहे।

# ट्रैफिक पुलिस ने हटाई 'नो पार्किंग' में खड़ी गाड़ियां

- सड़क को किया जाम फ्री पांच वाहनों के किए चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

शहर को जाम मुक्त बनाने के उद्देश्य को लेकर ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बस स्टैंड से विश्वकर्मा चौक तक रोड़ पर नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को हटाकर सड़क को जाम फ्री करवाया है और इस दौरान नो पार्किंग में खड़े 5 वाहनों के चालान किए।

ट्रैफिक पुलिस ने बस स्टैंड हांसी से विश्वकर्मा चौक तक रोड़ पर नो पार्किंग जोन में खड़ी गाड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए पूरा क्षेत्र खाली करवाया। ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि इस रूट पर नो पार्किंग क्षेत्र होने के बावजूद लगातार दोपहिया व चार-पहिया वाहन सड़कों के किनारे खड़े किए जा रहे थे, जिससे आमजन को आवागमन में परेशानी होती है। अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के खिलाफ 5 वाहनों के चालान किए।


**हांसी।** सड़क किनारे खड़े दो पहिया वाहनों को हटवाते ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज इंस्पेक्टर सुनील कुमार व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### ट्रैफिक इंचार्ज ने आमजन से की अपील

ट्रैफिक इंचार्ज ने कहा कि नो पार्किंग में गाड़ी खड़ी करना यातायात नियमों का उल्लंघन है और आगे भी इस तरह के अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे निर्धारित पार्किंग स्थानों का ही उपयोग करें ताकि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके।

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने स्कूटी को टक्कर मारी

**हांसी।** हांसी-बरवाला रोड पर बुधवार दोपहर एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने स्कूटी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी सवार बाप-बेटी सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान कुलाना निवासी 43 वर्षीय विजय और उसकी 18 वर्षीय पुत्री अंजू बाला के रूप में हुई है। सड़क हादसे की सूचना मिलने पर घायल बाप-बेटी को डायल -112 की टीम ने उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। घायल पिता अपनी बेटी के लिए हांसी में कोचिंग सेंटर के बारे में पता कर वापस घर जा रहे थे।

# पुलिस अधिकारियों ने की पैदल गश्त

- कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्धता दोहराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पुलिस जिला हांसी के सभी थाना प्रबन्धकों व चौकी प्रभारियों ने सुरक्षा के मध्येनजर अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लेने के लिए पैदल गश्त की।

इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की प्रतिबद्धता दोहराई। गश्त के दौरान सभी थाना व चौकी प्रभारियों के साथ पुलिस के जवान भी उपस्थित रहे। उन्होंने मुख्य बाज़ार, बस स्टैंड, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों का बारीकी से निरीक्षण किया। दुकानदारों और युवाओं से सीधा संवाद किया और उनके सुझाव भी आमंत्रित किए।



### पीएनबी में कृषि आउटरीच मेला व स्वास्थ्य शिविर कल

**हांसी।** पंजाब नैशनल बैंक द्वारा किसानों, स्वयं सहायता समूहों एवं ग्रामीण उद्यमियों को बैंक की विभिन्न योजनाओं एवं ऋण सुविधाओं के उद्देश्य से 11 जुलाई को प्रातः 10 बजे गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक कृषि आउटरीच मेले का आयोजन किया जाएगा।

कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. राजबीर सिंह मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके अतिरिक्त पंजाब नैशनल बैंक के प्रधान कार्यालय, दिल्ली से राकेश गांधी, मुख्य महाप्रबंधक भी कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे और उपस्थित जनसमूह को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। आयोजन के दौरान हिसार एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसानों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों, ग्रामीण उद्यमियों एवं बैंक ग्राहक भाग लेंगे।

# भाजपा का चुनावी एजेंडा था बीपीएल कार्ड

- पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान बारे निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा है कि प्रदेश में बीपीएल कार्ड भाजपा का चुनावी एजेंडा था। चुनाव से पहले भाजपा ने वोट लेने के लिए एक लाख 80 हजार कम आय वाले परिवारों के नए बीपीएल कार्ड बनाए और वोट लेने के बाद अब इन परिवारों को बीपीएल श्रेणी से हटा दिया गया।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पास ऐसी कौन सी जादू की छड़ी है, जिससे आठ महीने में ही भाजपा ने बीपीएल में शामिल छह लाख 36 हजार गरीब परिवारों को अमीर बना दिया। आज भाजपा सरकार प्रदेश के लोगों के साथ धोखा कर रही है सरकार ने बीपीएल परिवारों को मिलने वाले सरसों के तेल की कीमत में भी वृद्धि करके गरीबों को महंगाई का बड़ा झटका दिया है। उन्होंने हलके अनुसार जेजेपी सदस्यता अभियान की समीक्षा की और कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान बारे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। चौटाला ने जाट एजुकेशन सोसायटी के पूर्व प्रधान सतपाल पालू के निधन पर सेक्टर 15 स्थित उनके आवास पर शोक जताया। इस अवसर पर जेजेपी जिला अध्यक्ष अमित बूरा, जिला प्रभारी अनिल बालकिया, मास्टर ताराचंद आदि मौजूद रहे।


**हिसार।** कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।

# गंभीर बीमारी से जूझ रहे युवांश के उपचार में सहयोग का भावुक क्षण

- एसपी ने सिपाही राजेश कुमार को बेटे के इलाज के लिए सौंपा 24 लाख 70 हजार का चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बुधवार को फतेहाबाद में तैनात सिपाही राजेश कुमार को एसएमए नामक बीमारी से जूझ रहे उनके पुत्र युवांश के इलाज के लिए 24 लाख 70 हजार 500 की सहायता राशि का चेक दिया। पुलिस अधीक्षक ने यह सहायता राशि पुलिस विभाग हांसी के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों के एक दिन के वेतन से एकत्रित की गई है।

गौरतलब है कि फतेहाबाद में तैनात सिपाही राजेश कुमार का बेटा युवांश स्पाइनल मस्कुलर एंट्रोफी नामक एक गंभीर व दुर्लभ बीमारी से ग्रसित है और इस बीमारी के इलाज के लिए करीब 14 करोड़ रुपये के एक विशेष इंजेक्शन की आवश्यकता है। इस मानवीय पहल के तहत हांसी पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने स्वयं आगे आकर न केवल आर्थिक सहयोग सुनिश्चित किया, बल्कि विभागीय परिवार की एकजुटता का भी अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।


**हांसी।** सिपाही राजेश को 24.7 लाख रुपये का चेक सौंपते एसपी अमित यशवर्धन। फोटो : हरिभूमि

### युवांश के जल्द स्वस्थ होने की कामना की

युवांश के पिता सिपाही राजेश को चेक सौंपते समय पुलिस अधीक्षक ने युवांश के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि हम एक परिवार हैं और जब परिवार का कोई सदस्य कठिन समय से गुजर रहा हो, तो सभी को साथ खड़ा होना चाहिए। यह सहयोग उस भावना का प्रतीक है। इस अवसर पर पुलिस जिला हांसी के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने युवांश के शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की।


**हांसी।** नव निर्वाचित पंचायत समिति सदस्य सिकंदा बाई को शपथ दिलवाते एसडीएम राजेश खोथ। फोटो : हरिभूमि

# पंचायत समिति सदस्य को एसडीएम ने दिलाई शपथ

- हांसी के वार्ड 28 से निर्विरोध निर्वाचित हुई है सिकंदा बाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

एसडीएम राजेश खोथ ने बुधवार को संयुक्त कार्यालय परिसर में नव निर्वाचित पंचायत समिति सदस्य सिकंदा बाई को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई।

सिकंदा बाई हाल ही में पंचायत समिति हांसी प्रथम के वार्ड नंबर 28 से निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। उन्होंने जनता का विश्वास अर्जित करते हुए निर्विरोध विजयी होकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सशक्त किया है। पंचायत समिति हांसी प्रथम की अध्यक्षा शीला देवी, समिति सदस्य प्रीति, सुभाष यादव, एसईपीओ नवीन मलिक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने नवनिर्वाचित सदस्य को शुभकामनाएं दी।

*ऑल इंडिया आईपीएससी अंडर-14 एवं अंडर-17 गर्ल्स प्री नेहरू कप हॉकी टूर्नामेंट का आगाज*

## सभी खिलाड़ी व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर खेल भावना से खेलें : अटल देव

# विद्या देवी जिंदल स्कूल की टीम ने हैदराबाद पब्लिक स्कूल बेगमपेट को 16-0 से हराया

- हांसी के वार्ड 28 से निर्विरोध निर्वाचित हुई है सिकंदा बाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विद्या देवी जिंदल स्कूल में बुधवार को ऑल इंडिया आईपीएससी अंडर-14 एवं अंडर-17 गर्ल्स प्री नेहरू कप हॉकी टूर्नामेंट का आगाज हुआ। इसके अवसर पर भारतीय हॉकी टीम के पूर्व खिलाड़ी अटल देव सिंह चहल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ने ऑल इंडिया आईपीएससी अंडर-14 एवं अंडर-17 टूर्नामेंट के शुभारंभ की औपचारिक घोषणा की। अंडर-17 श्रेणी में उद्घाटन मैच विद्या देवी जिंदल स्कूल एवं हैदराबाद पब्लिक स्कूल, बेगमपेट, के बीच खेला गया जिसमें विद्या देवी जिंदल स्कूल ने 16-0 से विजय हासिल की। मुख्य अतिथि अटल देव ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि जब मैं आपकी आयु का था तब से हॉकी के प्रति मेरी रुचि थी। आज आपको मैदान में खेलते देखकर मुझे बचपन के अपने दिन याद आ गए। उन्होंने खिलाड़ियों को संदेश देते हुए कहा कि खेल में हार-जीत लगी रहती है।

हमें खेलभावना का परिचय देते हुए व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर सामूहिक रूप से खेलते हुए टीम के लिए खेलना है।


**हिसार।** दोनों टीमों के साथ मुख्य अतिथि भारतीय हॉकी टीम के पूर्व खिलाड़ी अटल देव, प्रधानाचार्या नैना ढिल्लो व अन्य।

### यह टीमें ले रहीं हिस्सा

इस आयोजन में देश के प्रतिष्ठित विद्यालयों बिरला बालिका विद्यापीठ, पिलानी, मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल, अजमेर, मॉडर्न स्कूल बाराखंभा, दिल्ली, कित्तूर रानी चन्नम्मा आवासीय सैनिक स्कूल, कित्तूर, पंजाब पब्लिक स्कूल, नाभा, डेली कॉलेज, इंदौर, हैदराबाद पब्लिक स्कूल, बेगमपेट, लॉरेंस स्कूल, ऊटी, वाईपीएस मोहाली, वाईपीएस, पटियाला एवं आयोजक विद्यालय विद्या देवी जिंदल स्कूल के लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### खिलाड़ियों को शपथ दिलाई

इससे पूर्व विद्यालय की प्रधानाचार्या नैना ढिल्लों ने पौधा भेंटकर मुख्य अतिथि अटल देव एवं पर्यवेक्षक आनंद सिंह राठौड़ का स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्री अटल देव ने आईपीएससी का ध्वज फहराया। तत्पश्चचात सभी टीमों ने मार्चपास्ट में हिस्सा लिया। सभी खिलाड़ियों को कर्तव्य और खेलभावना की शपथ दिलाई गई। विद्यालय प्रशासक निखिल रुद्रा भी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## खरीफ फसलों के बीमा की अंतिम तिथि 24 तक

**हिसार।** जिले के किसानों से अपील की गई है कि वे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अपनी खरीफ फसलों का बीमा समय पर करवाकर प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से सुरक्षा सुनिश्चित करें। कृषि विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि खरीफ सीजन के अंतर्गत धान, बाजरा, कपास, मक्का और मूंग की फसलें बीमा में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि किसान यदि जलभराव (धान को छोडक़र), बिजली गिरने या सूखे जैसी आपदाओं से प्रभावित होते हैं तो वे 72 घंटे के भीतर संबंधित जानकारी पोर्टल पर अपलोड करें या उप कृषि निदेशक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## हिसार व हांसी में राष्ट्रीय लोक अदालत 12 को

**हिसार।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशानुसार 12 जुलाई को न्यायिक परिसर हिसार एवं हांसी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि लोक अदालत में 7 बेंच अलग-अलग मामलों की सुनवाई करेंगी। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. गगनदीप मित्तल, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश खत्री सौरभ, अतिरिक्त प्रधान जिला न्यायाधीश ईशा खत्री, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजीव, जेएमआईसी अविषेक गर्ग व जेएमआईसी सुखवीर कौर, जेएमआईसी खुश कर्ण जोत सिंह हांसी में मामलों का निपटारा करेंगे।

### शहर की प्रमुख सड़कों पर जलभराव के कारण परेशानी

# बरसाती पानी निकासी की आधी-अधूरी तैयारी ने शहर को डुबोया, घंटों जाम में फंसे रहे लोग

**अगले 24 घंटे में हरियाणा में मौसम परिवर्तनशील रहने की संभावना है। राज्य के ज्यादातर क्षेत्रों में हो सकती है बारिश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार व आसपास के क्षेत्रों में बुधवार की शाम मानसून की झमाझम बारिश हुई। बरसाती पानी निकासी की आधी-अधूरी तैयारी ने एक बार फिर शहर को डूबा दिया। बारिश के कारण शहर की प्रमुख सड़कों समेत कई कॉलोनियों में जलभराव हो गया। बरसाती पानी निकासी के दावों के उचित प्रबंध पानी के साथ बह गए। बस स्टैंड से विद्युत नगर तक शहर की मुख्य सड़क पर कई स्थानों पर देर रात तक जलभराव के कारण लंबा जाम लगा हुआ था। हालांकि बारिश और जलभराव के बीच पुलिस कर्मचारी व होम गार्ड के जवान व्यवस्था बनाने में जुटे हुए थे।

उधर, बारिश से किसानों के चेहरे खिले उठ हैं। पिछले तीन दिन में यह दूसरा मौका है जब हिसार व आसपास के क्षेत्रों में मानसून मेहरबान हुए हैं। उधर, हकृवि के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार अगले 24 घंटे में हरियाणा में मौसम परिवर्तनशील रहने की संभावना है। राज्य के ज्यादातर क्षेत्रों में बारिश होने की संभावना है। जिससे इस दौरान दिन के तापमान में हल्की गिरावट तथा वातावरण में नमी की अधिकता बने रहने की संभावना है।



हिसार। कैंप चौक की तरफ उतरते समय ओवरब्रिज पर जमा बरसाती पानी। *फोटो : हरिभूमि*




हिसार। लक्ष्मीबाई चौक पर बारिश में छत लेकर ड्यूटी देता होम गार्ड का जवान। *फोटो : हरिभूमि*

### इन इलाकों में हुआ जलभराव

बुधवार की सायं तेज बारिश से शहर के कई क्षेत्र जलमग्न हो गए। शहर की ऑटो मार्केट रोड, नागरिक अस्पताल, ऋषि नगर, सैनियान मौहल्ला, डोगरान मौहल्ला, मिल गेट, शांति नगर, राजीव नगर, बड़वाली ढाणी, महावीर कॉलोनी, महत्ता नगर, रामपुरा मोहल्ला, गीता भवन पार्क एरिया, विजय नगर, प्रेम नगर, कैंप चौक, जिंदल चौक, मॉडल टाउन, पटेल नगर, कैमरी रोड, आजाद नगर, शास्त्री नगर, अर्बन एस्टेट, कैंप चौक, नई सब्जी मंडी रोड, एचएयू गेट नंबर 3, महाबीर स्टेडियम, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी आदि क्षेत्रों में काफी जलभराव हो गया। इन क्षेत्रों में कही-कहीं तो ज्यादा जलभराव के चलते लोगों के घरों में भी पानी घुस गया।





हांसी। बजरंग आश्रम रोड पर बरसाती पानी के बीच से गुजरता स्कूटी चालक तथा बरसात के दौरान हुए जलभराव के बीच से गुजरती कार। *फोटो : हरिभूमि*

### बरसात के बाद एक बार फिर हांसी शहर हुआ जलमग्न

**हांसी।** बरसात के दिनों में शहर में जलभराव की स्थिति से निजात दिलाने के लिए प्रशासन द्वारा किए गए दावों की बुधवार शाम को करीब एक घंटे की बरसात ने कलई खोल कर दी। करीब एक घंटे की बरसात के बाद एक बार फिर से शहर पानी से भरा नजर आया। हालांकि बरसाती पानी की निकासी के समुचित प्रबंध करने तथा शहर में जलभराव की समस्या का निदान के लिए विधायक विनोद भयाना जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग तथा नगर परिषद के अधिकारियों की मीटिंग लेकर सख्त दिशा-निर्देश दे चुके हैं लेकिन इन निर्देशों का अधिकारियों पर कोई विशेष प्रभाव नजर नहीं आया। बुधवार शाम को हुई एक घंटे की बरसात के बाद एक बार फिर शहर की सड़कें जलमग्न नजर आई। और लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि प्रशासन द्वारा सीवरेज व्यवस्था सुधारने व बरसाती पानी की निकासी के लिए शहर में कई लाइनें डाली गई और इन लाइनों को डालने के लिए करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाए गए। परंतु शहर में बरसाती पानी की निकासी की समस्या जस की तस बनी हुई है। शाम को हुई करीब एक घंटे की बरसात के बाद एसडी महिला महाविद्यालय रोड, श्याम मंदिर रोड़, अंबेडकर चौक, एसडीएम निवास रोड़, तिकोना पार्क, हाजी सराय रोड़, जगदीश कॉलोनी, यति नगर, मॉडल टाउन, वकील कॉलोनी, आर्य नगर सहित कई करीब एक कॉलोनियों के लोगों को जलभराव की स्थिति का सामना करना पड़ा।

## मीडिएशन फॉर द नेशन न्याय तक पहुंच की दिशा में सार्थक पहल : सीजेएम

**हिसार।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव अशोक कुमार ने कहा कि मीडिएशन फॉर द नेशन अभियान वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अभियान न्यायिक तंत्र पर बढ़ते बोझ को कम करने और आमजन को त्वरित, सुलभ, सरल एवं सौहार्दपूर्ण न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में एक सार्थक पहल साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 31 जुलाई तक उपयुक्त लंबित मामलों को हिसार स्थित मध्यस्थता केंद्र में भेजा जाएगा, जहां उनका समाधान आपसी सहमति से किया जाएगा। सीजेएम अशोक कुमार ने बताया कि इस अभियान में वैवाहिक विवाद, सडक़ दुर्घटना दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा संबंधी मामले, समझौता योग्य आपराधिक मामले, उपभोक्ता मामले, विभागीय वसूली, विभाजन, बेदखली, भूमि अधिग्रहण सहित अन्य उपयुक्त सिविल मामले शामिल किए गए हैं। ऐसे मामलों को संबंधित अदालतों द्वारा मध्यस्थता केंद्र भेजा जाएगा।

## गुरु पूर्णिमा पर दिव्य सत्संग आज

**हिसार।** आर्ट ऑफ़ लिविंग द्वारा गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष पर 10 जुलाई को आर्ट ऑफ़ लिविंग हैप्पीनेस सेंटर, सेक्टर-14, पार्ट- 2 में 'सामूहिक गुरु पूजा एवं दिव्य सत्संग' का आयोजन किया जाएगा। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने बताया कि दिव्य सत्संग में भारती मुंजाल एवं डॉ. उमेश आर्य अपने मधुर आवाज से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

## विद्युत नगर बैडमिंटन नर्सरी के खिलाड़ियों ने जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। खिलाड़ियों को सम्मानित करती डायरेक्टर प्रोजेक्ट विनीता सिंह तथा विद्युत नगर नर्सरी के कोच सुरेंद्र और विरेंद्र। *फोटो :हरिभूमि*

सोनीपत व फरीदाबाद में हाल ही में हरियाणा सीनियर स्टेट रैंकिंग चैम्पियनशिप हुई जिसमें विद्युत नगर हिसार स्थित बैडमिंटन नर्सरी के खिलाड़ियों ने कई पदक जीतकर हिसार जिले व दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम का नाम रोशन किया।

एचएसजी.बैडमिंटन नर्सरी की खिलाड़ी दित्या ने सोनीपत में मिक्स डबल में सिल्वर और वुमन डबल में यशिका के साथ कांस्य पदक हासिल किया। वहीं 19 साल से कम आयु वर्ग के डबल में आराध्या व दित्या ने कांस्य पदक प्राप्त किया। फरीदाबाद में आयोजित सीनियर स्टेट रैंकिंग में भी दित्या ने आराध्या के साथ 19 साल से कम आयु वर्ग में सिल्वर व वुमन डबल में यशिका व दित्या ने कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही दित्या ने मिक्स डबल इवेंट में भी सिल्वर मैडल हासिल किया। लड़कों की प्रतियोगिता में नमन व प्रतीक की जोड़ी ने फरीदाबाद में बॉय डबल में कांस्य पदक हासिल किया। इन खिलाड़ियों को दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की डायरेक्टर प्रोजेक्ट विनीता सिंह ने सम्मानित किया।



हिसार। बैठक करते वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के पदाधिकारी।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांगों को पूरा करे हकृवि

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद ने विश्वविद्यालय प्रशासन से सेवानिवृत कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं का शीघ्र हल करने की मांग की है। इस संबंध में परिषद ने क्रांतिमान पार्क में बैठक की। बैठक में परिषद के वरिष्ठ सदस्य एवं पारिवारिक पेंशनधारक शामिल हुए जिसकी अध्यक्षता सीनियर सिटीजन वेलफेयर काउंसिल के अध्यक्ष रमेश सैनी ने की। इस दौरान जवाहर लाल, नंदलाल, भगवानदास शर्मा, रिसाल सिंह, पीएस चौहान, धरम चंद, ईश्वर सैनी, महिपाल सिंह व विनोद रावल सहित अन्य मौजूद थे। बैठक में विश्वविद्यालय प्रशासन से सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए तीन प्रमुख मांगों पर शीघ्र विचार एवं समाधान की अपील की गई। इनमें बेसिक पेंशन में आयु के अनुसार वृद्धि करने की मांग की गई। कोविड अवधि के 18 माह के डीए एरियर का भुगतान किया जाए। साथ ही कैशलेस चिकित्सा सुविधा का प्रभावी क्रियान्वयन हो। परिषद ने इन मुद्दों को लेकर हकृवि कुलपति को एक औपचारिक आवेदन पत्र भी प्रेषित किया और अपेक्षा जताई कि विश्वविद्यालय प्रशासन इन मांगों को गंभीरता से लेकर यथाशीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगा।

## मंगाली की टीम ने बाड़या ब्राह्मणान को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया

- पुलिस ने बाड़या ब्राह्मणान में करवाई कबड्डी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। खेलों में दमखम दिखाते खिलाड़ी। *फोटो :हरिभूमि*

पुलिस की ओर से जिले के गांव बाड़या ब्राह्मणान में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इसमें गांव दुबेटा, बाड़या ब्राह्मणान, मंगाली, डाया व बापोड़ा की टीमों ने भाग लिया।प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गांव बाड़या ब्राह्मणान और मंगाली गांव की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें मंगाली गांव की टीम ने 22-10 से विजयी होकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

कार्यक्रम में यातायात पुलिस प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना, खेलों से जोड़ना तथा समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करना है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि समाज के निर्माण में भी सक्रिय भागीदारी निभा रही है। कार्यक्रम में गांव बाड़या ब्राह्मणान के सरपंच, जिला पार्षद तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## हकृवि में प्रवेश तैयारियां पूरी, 12 को करवाई जाएंगी परीक्षाएं

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय कोर्स, बीएससी कम्युनिटी साइंस चार वर्षीय कोर्स के लिए 12 जुलाई को आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 4119 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में 10 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं ताकि उम्मीदवारों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने से संबंधित अन्य समुचित व्यवस्था भी कर ली गई है। कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि सफलतापूर्वक परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए हैं। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोडना होगा जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी।

## राजकीय महाविद्यालय में दाखिले के लिए फिजिकल काउंसलिंग 16 को : डॉ सैनी

**हिसार।** राजकीय महाविद्यालय में स्नातक कक्षाओं में खेल कोटे की आरक्षित सीटों में दाखिला लेने के लिए पहली फिजिकल काउंसलिंग 16 जुलाई को होगी। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने बताया कि स्नातक कक्षाओं में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी 15 जुलाई तक अपने आवेदन फॉर्म शारीरिक शिक्षा विभाग में जमा करवा दें। 16 जुलाई को अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ प्रातः 9 बजे महाविद्यालय में पहुंच जाएं। उन्होंने बताया कि दाखिले से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड तथा महाविद्यालय की वेबसाइट पर चैक करें। सभी दाखिले मेरिट के आधार पर होंगे। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर डा सुखबीर सिंह दूहन ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय में खेल विभाग द्वारा जारी किया गया ग्रेडेशन प्रमाण पत्र हो उन खिलाड़ियों के लिए खेल कोटे की सीटें आरक्षित हैं।

## डीपीएस में पदक अलंकरण व शपथ ग्रहण समारोह आयोजित




हिसार। प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर के साथ मनोनित विद्यार्थी।

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में बुधवार को एक भव्य एवं प्रेरणास्पद पदक अलंकरण एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन एवं सह -शैक्षणिक क्षेत्रों में उपलब्धियां, नैतिक मूल्यों और अनुशासन में अनुकरणीय योगदान के लिए विभिन्न श्रेणियों में पदकों से सम्मानित किया गया। समारोह के अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाचार्य मंजु सुधाकर ने की विद्यालय के सत्र 2025-26 के लिए जिन विद्यार्थियों को विभिन्न पदों पर मनोनित किया गया, उसमें हेड बॉय के रूप में रोहित तथा हेड गर्ल के रूप में रुद्राक्षी दलाल को नियुक्त किया गया। डिप्टी हेड बॉय का दायित्व अर्णव नेहरा को सौंपा गया जबकि डिप्टी हेड गर्ल की भूमिका दीपिका को दी गई। खेल कप्तान (बालक वर्ग) के रूप में रुद्र शर्मा तथा खेल कप्तान (बालिका वर्ग) के रूप में याशिका को चुना गया। उनके सहयोग के लिए डिप्टी स्पोर्ट्स कैप्टन (बालक वर्ग) जतिन और डिप्टी स्पोर्ट्स कैप्टन (बालिका वर्ग) खुशी को जिम्मेदारी सौंपी गई।




वेदांश
को जन्मदिन पर परिवार की तरफ से शुभकामनाएं



हिसार। अर्बन एस्टेट के शाश्वत पार्क में मेयर प्रवीण पोपली के साथ क्लब पदाधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

## लायंस क्लब हिसार-ए-फिरोजा ने शाश्वत पार्क में लगाए 50 पौधे

**हिसार।** लायंस क्लब हिसार-ए-फिरोजा ने जनपद 321ए3 का पर्यावरण रक्षा के लिए पौधरोपण सप्ताह के अंतर्गत शाश्वत पार्क, अर्बन एस्टेट में 50 पोधे लगाये। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष हरीश छाबड़ा ने की जबकि संचालन अशोक महता एवं रविंद्र सचदेवा ने किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में आये नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली व पार्षद संजय डालमिया ने पौधारोपण किया। उन्हें स्मृति चिह्न के रुप में पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष हरीश छाबड़ा ने मेयर को बताया कि शहर में विभिन्न स्थानों पर इस वर्ष कम से कम एक हजार पौधे लगाये जाएंगे। इस अवसर पर जिला कैबिनेट कोषाध्यक्ष पवन सरदाना विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सचिव मनु गेरा बजाज व कोषाध्यक्ष अशोक नागपाल, पीआरओ शिवानी देव डॉ. मुनीष जुनेजा, हंसराज नारंग, बीसी गोयल, महेश चौधरी, मनीष देव, अनिल खट्टर, मुकेश बजाज, सुरेंद्र बजाज, राजेश बहार, सरोज छाबड़ा मोजूद रहे।

### जिले में महिलाओं को सशक्त बनाने की पहल

# फाउंडेशन का मेहंदी कला शिविर 20 जगह शुरू

- 400 से अधिक युवतियां व महिलाएं ले रही प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



स्वदेशी जागरण मंच के प्रकल्प स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन की ओर से जिले में 20 स्थानों पर मेहंदी कला शिविर की शुरुआत की गई। इन शिविरों में 400 से अधिक युवतियां व महिलाएं मेहंदी लगाने का प्रशिक्षण ले रही हैं। 15 दिनों तक जारी रहने वाले इस शिविर में सायं 4 बजे से सायं 6 बजे तक विशेषज्ञ मेहंदी लगाने की कला का प्रशिक्षण दे रही हैं। प्रशिक्षण देने के साथ-साथ प्रशिक्षु युवतियों व महिलाओं की मेहंदी कला सीखने का आकलन किया जाएगा। इस आकलन के उपरांत प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। इस शिविर में स्वदेशी जागरण मंच, भारत विकास परिषद, सेवा भारती व मातृशक्ति विहिप विशेष भूमिका निभा रहे हैं।

15 दिवसीय शिविर शुरू करवाने में स्वदेशी जागरण मंच से मोना जैन, सुमन ऐरन, सोनू गोयल, सोनिया श्योदान, स्नेहलता, रिचा जांगड़ा, रेणु जिंदल, कविता, प्रवीन कुमारी, सेवा भारती से शिल्पा सर्राफ व विश्व हिंदू परिषद से मीनाक्षी मुदगिल का विशेष योगदान रहा है। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांतीय स्वदेशी मेला प्रमुख अनिल गोयल ने बताया कि सातरोड़, छोटी सातरोड़, लाडवा, मंगाली, सिवानी, आजाद नगर, पटेल नगर, कैमरी रोड, दुर्गा कॉलोनी, एमसी कॉलोनी, महावीर कॉलोनी, सैनियान मोहल्ला, बारह क्वार्टर रोड, जैन गली, ऋषि नगर, सुंदर नगर, सत्य नगर, रेड स्कवेयर मॉकेट व न्यू मॉडल टाउन में यह शिविर शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि 15 दिवसीय शिविर में प्रशिक्षु प्रतिभागियों को उनकी कला के अनुरूप पुरस्कृत भी किया जाएगा।

